**ए. सी. सी. के सीमेंट कारखाने और उनकी उत्पादन क्षमता**

339. **श्री सज्जन कुमार** : क्या **उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय ए. सी. सी. सीमेंट कारखाने कहां-कहां पर है और प्रत्येक की उत्पादन क्षमता कितनी है;

(ख) किन स्थानों पर ए. सी. सी. के नये सीमेंट कारखाने स्थापित करने की मंजूरी दी गई है और प्रत्येक कारखाना कब से कार्य करना आरंभ कर देगा; और

(ग) हिमाचल प्रदेश में कितने ए. सी. सी. के सीमेंट कारखाने स्थापित करने की मंजूरी दी गई है और उनमें कब से उत्पादन आरंभ हो जाएगा ?

**उद्योग मंत्री (श्री नारायण दत्त तिवारी)** : (क) से (ग) एक विवरण संलग्न है।

**विवरण**

ए. सी. सी. के स्वामित्वाधीन सीमेंट कारखानों के स्थापना स्थल, प्रत्येक एकक की लाइसेंस शुदा क्षमता, कारखानों के आरम्भ होने की प्रत्याशित तिथियों तथा स्वीकृत नए स्थापना स्थलों के नामों को दर्शाने वाला विवरण

**वर्तमान सीमेंट कारखाने**

| क्र. सं. | स्थापना स्थल | लाइसेंस शुदा क्षमता (लाख मी. टन/प्रतिवर्ष) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | भूपेन्द्र, हरियाणा | 4.06 |
| 2. | चाइवासा, बिहार | 7.82 |
| 3. | खलारी, बिहार | 1.09 |
| 4. | सिन्धरी, बिहार | 3.05 |
| 5. | द्वारका, गुजरात | 3.06 |
| 6. | पोरबन्दर, गुजरात | 2.00 |
| 7. | पोरबन्दर, गुजरात | 0.35 (सफेद सीमेंट) |
| 8. | सेवलिया, गुजरात | 2.27 |
| 9. | शाहाबाद, कर्नाटक | 5.45 |
| 10. | वाडी, कर्नाटक | 6.00 |
| 11. | जमूल, मध्य प्रदेश | 15.80 |
| 12. | कैमूर, मध्य प्रदेश | 7.82 |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 13. | कैमूर, मध्य प्रदेश | 0.25 (सफेद सीमेंट) |
| 14. | चांदा, महाराष्ट्र | 5.60 |
| 15. | लखेरी, राजस्थान | 3.22 |
| 16. | किस्तना, आंध्र प्रदेश | 2.83 |
| 17. | मन्चेरियल, आंध्र प्रदेश | 3.35 |
| 18. | मदुक्कराई, तमिलनाडु | 4.10 |

जिन्हें अभी तक चालू नहीं किया गया है, ऐसे स्वीकृत उद्योगों के स्थापना स्थल/विस्तार।

| क्र. सं. | स्थापना स्थल | लाइसेंस शुदा क्षमता (लाख मी. टन/प्रतिवर्ष) | शुरू होने की अनुमानित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | गागल, हिमाचल प्रदेश | 5·60 | 1983 के अंत तक (हिमाचल प्रदेश में केवल एक) |
| 2. | वाडी, कर्नाटक (विस्तार) | 10.00 | 1983 के अंत तक 5 लाख मी० टन तथा 1984-85 के दौरान 5 लाख मी० टन |
| 3. | शाहाबाद, कर्नाटक (विस्तार) | 10·76 | सूचित नहीं किया गया। |
| 4. | कैमूर, मध्य प्रदेश (सफेद सीमेंट विस्तार) | 0.50 | —वही— |
| 5. | मन्चेरियल, आन्ध्र प्रदेश (विस्तार) | 0.85 | —वही— |
| 6. | सेवालिया, गुजरात (विस्तार) | 0.80 | —वही— |

**पंजाब में पाकिस्तानी मार्क वाले हथियारों का पकड़ा जाना**

340. **श्री सज्जन कुमार :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंजाब की हिंसक घटनाओं में पकड़े गए हथियारों पर "मेड इन पाकिस्तान" मार्क पाया गया है ?

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई जांच की है कि ये हथियार भारत कैसे पहुंचे; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबन्धी ब्यौरा क्या है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?